FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

प्रेस नोट थाना उत्तर दिनाँक 06-02-2025 जनपद फिरोजाबाद।

थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर अभियुक्त, रवि शर्मा को चोरी के माल (01 पेन्डल, 01 अंगूठी, 01 जोडी कान की झुमकी, 02 अदद चैन, 01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये) की बरामदगी सहित किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत, लगनशीलता एवं सुरागरसी पतारसी से थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/25 धारा 305/317(2) बीएनएस0 की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त रवि शर्मा पुत्र स्व0 सुनील शर्मा निवासी इन्द्रानगर नई आबादी लालऊ रोड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को मथुरा नगर रोड़ के पास झाड़ी युक्त खाली मैदान थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित माल (01 पेन्डल, 01 अंगूठी, 01 जोडी कान की झुमकी, 02 अदद चैन, 01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा 250 रुपये) बरामद किया गया है। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण

पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि साहब मेरे पिताजी की मृत्यु हो चुकी है, और बहनों की शादी के कारण मेरे ऊपर काफी कर्जा हो गया था, जिसको चुकता करने के लिए लगभग दो महीने पहले शांती नगर जलेसर रोड़ में एक बन्द पड़े मकान की छत के रास्ते मकान में अंदर घुसकर कमरे की अलमारी से जेवर और 6,000 रुपये चोरी कर लिये, चोरी किये गये रुपयों में से मेरे पास केवल 250 /- रुपये बचे है इस लिये मैं चोरी किये गये जेवर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश मे निकला था इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया गया।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त–

1. रवि शर्मा पुत्र स्व0 सुनील शर्मा निवासी इन्द्रानगर नई आबादी लालऊ रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद

बरामदगी का विवरण-

1. 01 पेन्डल।
2. 01 अंगूठी।
3. 01 जोडी कान की झुमकी।
4. 02 अदद चैन।
5. 01 जोड़ी हाथ के खडुआ तथा चोरी किये गये रुपयों में से शेष 250 रुपये।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. अपराध निरीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सौलंकी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री विधान चन्द्र चौकी प्रभारी विभव नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 29 शैलेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
5. का0 1168 रोहन दीक्षित थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 91 नीरज कुमार कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।